### बारिश से तरबतर हुआ शहर, पारा लुढ़का

# शुक्रवार-शनिवार लगातार बरसा पानी, फिर 48 घंटे के लिए यलो अलर्ट

सतना।

सतना पहुंचे मानसूनी बादलों ने पूरे शहर और जिले को तरबतर कर दिया है। शुक्रवार रात से शुरू हुई बारिश शनिवार की देर रात तक जारी रही। लगातार हो रही बारिश की वजह से लोगों ने भीषण गर्मी के बाद राहत की सांस ली है और पारा भी लुढ़क गया है। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को अधिकतम तापमान 27.9 और न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। शनिवार की शाम तक 23.4 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। आपको बता दे की सतना में शुक्रवार से 48 घंटों के लिए यलो अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया था। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार,असम से दक्षिण पंजाब तक टर्फ लाइन उत्तरी मध्य प्रदेश होते हुए झारखंड के पास निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसी कारण सतना और मैहर जिले में अगले दो दिनों तक गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।








**बदहाल सड़कें चलना हुआ मुश्किल**

बारिश की वजह से शहर की कई इलाकों में सड़के खराब होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सिमरिया चौक से अस्पताल चौराहे तक जाने वाली सड़क स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत खोदी गई है जिसकी वजह से कीचड़ हो रहा है। बजरहा टोला इलाके में लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो रहा है।वार्ड क्रमांक 17 स्थित राम टेकरी क्षेत्र में जल निकासी के लिए बनाई जा रही नाली का निरीक्षण करने महापौर योगेश ताम्रकार पहुंचे। महापौर ने जिम्मेदार अधिकारी को तत्काल नाली को तोड़कर निर्धारित वाटर लेवल के अनुसार पुनः निर्माण के स्पष्ट निर्देश दिए।

**चित्रकूट में गुफा में भर पानी**

चित्रकूट में स्थित गुप्त गोदावरी गुफा में जल प्रवाह खतरनाक स्थिति में है। गुफा के अंदर पानी भर जाने के कारण बंद कर दिया गया है। अधिकारी यहां पर नजर बनाए हुए हैं।

**घरों में घुसा पानी**

शहर के वार्ड नंबर 43,44 में लोगों के घरों में बारिश का पानी भर गया। पानी की निकासी नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क निर्माण के पहले ही लोगों ने नाले का घोला डालने और उसकी सफ़ाई की मांग की थी,लेकिन इंजीनियर की गलती का दंश अब आम जनता झेल रही है।

**पहली बारिश में बिजली गुल, लोग परेशान**

पहली मानसूनी बारिश के साथ ही शहर और गांवों में बिजली चली गई। शहर में बिजली कंपनी की टीम सुधार के काम में लगी रही। कंपनी को लोगों की शिकायतें लगातार मिलती रहीं। बिजली न होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## जिले में अब तक 49.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 21 जून तक 49.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 55.9 मि.मी.,सोहावल(रघुराजनगर) में 34.3 मि.मी.,बरौंधा(मझगवां) में 34.5 मि.मी, बिरसिंहपुर में 45.9 मि.मी.,रामपुर बाघेलान में 21 मि.मी.,नागौद में 118.8 मि.मी.,जसो (नागौद) में 23.3 मि.मी. एवं उचेहरा में 63.5 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 12.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

## प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड में किया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**सतना।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड स्टाफ क्लब में योग शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिवानंद दर्शन योगाश्रम सतना से पधारे स्वामी हरिश्रद्धानंद सरस्वती के सानिध्य में कालोनी में निवासरत महिलाओं,कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने इस योग शिविरि में बड़ी संख्या में भाग लेकर योग का अभ्यास किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की इस साल की थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग'है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये स्वामी हरिश्रद्धानंद सरस्वती ने कहा कि योग संतुलन,सजगता और शांति के अपने मूल्यों से व्यक्ति और प्रकृति दोनो को एक करता है। आज के समय में शारीरिक,मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने के लिए योग सबसे जरुरी उपाय हो चला है। योग एक प्राचीन भारतीय विज्ञान है जो शारीरिक,मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने में मदद करता है। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एवं जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने उपरोक्त जानकारी देते हुये बताया कि इसके अलावा प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के सहयोग से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हौरी में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। यह योग प्रशिक्षण शिवानंद दर्शन योगाश्रम के योग प्रशिक्षक संतोष वर्मा निर्देशन में किया गया जिसमें विद्यालय परिवार के शिक्षक,शिक्षिकायें एवं



ग्रामीणों की सहभागिता रही। सभी योग प्रशिक्षार्थियों को शिवानंद दर्शन योगाश्रम द्वारा निःशुल्क योग साहित्य भी उपलब्ध कराया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मनीष कुमार सिंह,प्लांट हेड एंड प्रेसीडेंट एवं मनीष कुमार सिन्हा,सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स ने सभी को शुभ कामनायें प्रेषित करते हुये अपने संदेश में कहा कि सभी को शारीरिक,मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने के लिये योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिये। कार्यक्रम में आर.एल.देशमुख,मनोज कश्यप,कर्नल मनीष प्रसाद,रंजन वर्मा,विपिन कुमार,देवेन्द्र मिश्रा,प्रकाश पाण्डेय,संजय सिंह परिहार एवं काफी संख्या में अधिकारी,कर्मचारी एवं कालोनीवासी उपस्थित रहे।

## दिनदहाड़े बीच सड़क में मारपीट



**मैहर।** शुक्रवार की शाम रामनगर में मामूली बात पर कहा सुनी के बाद मार पीट शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की शाम 05 बजे के आस पास रामनगर चौराहे से सतीश पटेल उम्र 25 वर्ष निवासी रामनगर एवं चचेरा भाई संजय पटेल उम्र 26 वर्ष रामनगर स्कूटी से ससुराल जा रहे थे कि तभी ट्रक चालक कल्लू साकेत से किसी बात को लेकर बहस हो गई। ट्रक चालक कल्लू साकेत ने अपने अन्य साथी उमंग गुप्ता,मासू गुप्ता,सुमित गुप्ता,संदीप गुप्ता,प्रिंस गुप्ता एवं सालू गुप्ता को मौके पर बुलाकर सतीश और संजय की पिटाई कर दी।वहीं आस पास खड़े लोगों ने वीडियो बना कर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। शनिवार की शाम फरियादी संजय ओर सतीश रामनगर थाना पहुंचे जहां पुलिस ने मामला दर्ज कर मुकदमा कायम किया गया है। थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते ने बताया कि संजय पटेल और सतीश पटेल ने थाने में आकर बताया कि कल उनके साथ मारपीट हुई है जिसपर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

## किसान यूनियन की बैठक में उठे मुद्दे: विभिन्न समस्याओं पर किसानों ने की चर्चा



### उचेहरा में 27 जून को होगी किसानों की महापंचायत

सतना।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक बैठक कृषि उपज मंडी उचेहरा में सम्पन्न हुई। बैठक के सभापति जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि पूर्व सैनिक रावेन्द्र सिंह,अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष राम विश्वास सिंह ने की विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद सिंह रहे। इस बैठक में किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को उठाया जिसमें बिजली कम्पनी विभाग की तानाशाही महिलाओं के साथ अभद्रता एवरेजिंग बिल,घरेलू कनेक्शन में अधिक बिल का आना और जमा ना करने पर नोटिस जारी करना,ग्रामीण क्षेत्र के जले ट्रांसफर को समय पर ना बदलने के साथ बरगी नहर निर्माण में किसानों को मुआवजे में मनमानी सर्वे कर सूचित के असिंचित का देने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही हाईकोर्ट के फैसले के बाद भी पावरग्रिड कंपनी द्वारा किसानों का मुआवजा देने में आनाकानी किया जाने, आदिवासियों के वन अधिकार के पट्टे हैं लेकिन सरकारी राजस्व विभाग में रिकार्ड दर्ज नहीं होने की समस्या पर किसानों ने चिंता जताई। जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद सिंह ने किसानों के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इन समस्याओं पर कई बार ज्ञापन देने के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**आयोजित होगी किसान महापंचायत**

बैठक में यह भी योजना बनी की आगामी 27 जून को किसान महापंचायत कृषि उपज मंडी उंचेहरा में किया जाना सुनिश्चित हुआ। जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी गजेन्द्र सिंह परिहार,विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव,प्रदेश प्रवक्ता दयाशंकर द्विवेदी सहित प्रदेश के अन्य किसान नेता शामिल होंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उंचेहरा को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।

**यह रहे उपस्थित**

संत कुमार सिंह,यशवंत सिंह,रामसजीवन लोधी, बृजेन्द्र शीलू तपसी, क्रांति पाल, कालेन्द्र सिंह, रामकुमार कुशवाहा, मीराबाई चौधरी, रेखा साकेत, माया सिंह, रामजी शुक्ला, सुखमनी लोधी, राजाराम कोल, शिव प्रसाद रावत, भेली कोल, सुखबरिया बाई कोल, दयाराम सिंह, ब्रज कुशवाह, सुखमनी लोधी, नत्थू लाल, गिरजा विश्वकर्मा शामिल रहे।

## योग से दूर होती है हृदय की समस्या



**मैहर।** नाडी शोधन प्राणायाम अनुलोम विलोम मनुष्य के हृदय की समस्या से निजात पाने के लिए अनुलोम विलोम प्राणायाम का अभ्यास अति उत्तम लाभकारी है। मानव शरीर में 72 करोड़ 72 लाख 10201 नस नाड़ियां हैं इन सभी नस नाड़ियों में होने वाले ब्लॉकेज को पूर्ण रूप से खत्म करता है। नाडी शोधन प्राणायाम अनुलोम विलोम रक्त में हीमोग्लोबिन की मात्रा को बढ़ाता है और शरीर के कार्य करने की कार्य क्षमता बढ़ती है। मैहर के आर पी पैलेस में आयोजित योग कार्यक्रम के दौरान बताया विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,कलेक्टर रानी बाटड़ एवं सीएसपी महेंद्र सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। योग दिवस के अवसर पर योग के बाद 121 पौधे रोपे गए मैहर में बीती रात से ही रही बारिश का दौर चलता रहा।

## शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिये योग अत्यंत महत्वपूर्णः प्रतिमा बागरी

**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिये योग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसे अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल कर प्रतिदिन नियमित रुप से योग करें। उन्होने कहा कि योग मानसिक तनाव से मुक्त रखने के साथ ही व्यक्ति को निरोगी भी बनाता है। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना के हाल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहीं थी। राज्यमंत्री ने कहा कि सभी लोग योग करें और निरोगी रहें। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि मनुष्य का शरीर पंचतत्वों से मिलकर बना है। योग करने से सभी पंच तत्व संतुलित रहते है।



सांसद गणेश सिंह ने कहा कि योग हमारी प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। जिसे विश्व में विख्यात करने का काम हमारे प्रधानमंत्री ने किया है। इस मौके पर महापौर योगेश ताम्रकार,जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल,उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह परिहार,स्पीकर नगर निगम राजेश चतुर्वेदी,कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस,पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता,सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,एएसपी शिवेश सिंह,जिला आयुष अधिकारी डॉ.नरेंद्र पटेल,डीपीसी एवं प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी विष्णु त्रिपाठी,एडीपीसी गिरीश अग्निहोत्री भी उपस्थित रहे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में सामूहिक रूप से योग के विभिन्न आसनों,प्राणायाम और ध्यान की क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। जिसमें स्कंध चालन,ग्रीवा चालन,कटि चक्रासन,पवन मुक्तासन,शशकासन का योगाभ्यास कराया गया। इसके अलावा अनुलोम-विलोम,भ्रामरी,शीतली एवं नाड़ी शोधन प्राणायम का अभ्यास योग प्रशिक्षकों द्वारा कराया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर किया।

## श्री रावतपुरा सरकार संस्थान चित्रकूट में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित





**सतना।** विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में श्री रावतपुरा सरकार आश्रम चित्रकूट श्रृंगारवन सतना मध्य प्रदेश में महाराज श्री जी के सान्निध्य एवं संस्थान के निदेशक रामपाल सिंह कौरव के निर्देशन में योग दिवस कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ। जिसमें महाराज श्री जी ने स्वयं उपस्थित रहकर सभी स्वयं सेवकों के साथ योग किया।योग में,योगाचार्य दीपराज सिंह ने सूर्य नमस्कार,प्राणायाम,अनुलोम विलोम, कपालभाति, भस्त्रिका इत्यादि अनेकों योगासनों के द्वारा सभी को योग कराया,तत्पश्चात संस्थान के निदेशक रामपाल सिंह कौरव ने सभी स्वयंसेवकों को नित्य प्रति योग करने की शपथ दिलाई,कार्यक्रम के अंत में महाराज ने सभी को अपने आशीर्वचन देते हुए कहा कि सभी को नित्य प्रति योग करना चाहिए,मैं स्वयं नित्य प्रति योग करता हूं,महाराज श्री जी ने कहा कि योग हमारे चित्त का निरोध करता है योगश्चित्तनिरोधय,पूज्य,श्री ने कहा कि नदी,वृक्ष और स्वास्थ्य ये हमारे लिए महत्वपूर्ण होने चाहिए, इनके बिना जीवन अधूरा है। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने बाल भोग ग्रहण किया।

## अनुपमा हायर सेकेण्ड्री स्कूल में बच्चों को किया गया योग के प्रति जागरूक



**सतना।** 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में अनुपमा हायर सेकेण्ड्री स्कूल में योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन विद्यार्थियों को योग से होने वाले लाभों के प्रति जागरूक करने के उददेश्य से किया गया। योग शिक्षक एवं शिक्षिका द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के आसन व प्रणायामों के बारे में व उनसे होने वाले लाभों के बारे में बताया गया। उनके द्वारा बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को सूर्य नमस्कार एवं अनुलोम विलोम का अभ्यास करवाया गया। विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी योगेन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा योग के महत्व को बताते हुए प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित कर सूर्य नमस्कार से परिचित करवाया। सचिव डॉ.शैला तिवारी द्वारा बताया गया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं हैं बल्कि एक अभ्यास है जो शारीरिक,मानसिक और आध्यात्मिक पहलुओं को एकीकृत कर व्यक्ति को आंतरिक शांति और संतुलन प्रदान करता है। संचालक डॉ.प्रमोद तिवारी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि योग से हम जीवन को निरोगी बना सकते हैं और योग का सही प्रशिक्षण करने पर बल दिया। इस अवसर निशा खरे,स्मिता मिश्रा,मनीष त्रिपाठी एवं समस्त शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहें।

# योग जीवन का अभिन्न हिस्सा, इसे अपनी दिनचर्या में अपनाएं : राज्यमंत्री

खजुराहो।

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा योग को वैश्विक पहचान देते हुए वर्ष 2015 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का एक दशक पूरा हुआ है, इस अवसर पर सभी जिलों में वृहद रूप से सामूहिक योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की निर्धारित थीम एक पृथ्वी एवं एक स्वास्थ्य के लिए योग है।





इस योग संगम में छतरपुर जिले की विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो में मुख्य अथिति वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार की गरिमामई उपस्थिति में पश्चिमी मंदिर समूह के कंदरिया महादेव प्रांगण में वृहद सामूहिक योगभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, खजुराहो नगर परिषद अध्यक्ष अरुण अवस्थी, नगर परिषद सीएमओ बसंत चतुर्वेदी,एवं प्रशासनिक अधिकारियों में एसपी अगम जैन, सीईओ जिला पंचायत तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी, बी आर सी अतुल चतुर्वेदी सहित जिले के सभी अधिकारियों ने बढ़चढकर सामूहिक योगाभ्यास किया। इसके साथ ही जिले के एनसीसी ऑफिसर्स, कैडेट्स, स्कूल के शिक्षक एवं छात्र छात्राएं, खजुराहो सीआईएसएफ के जवान, पहल वाटिका योग ग्रुप के लोग एवं कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक और छोटे बच्चे शामिल हुए एवं आम नागरिकगण ने भी बढ़चढकर सामूहिक योग किया। जो मंदिर परिसर की दिव्यता के बीच उत्साहपूर्वक योग करते नजर आए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में आरके बीच से प्रसारित सीधा संबोधन एवं माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संदेश भी लाइव भोपाल में अटल पथ से टेलीकास्ट किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने बड़े ध्यान से सुना। पर्यावरण मंत्री दिलीप अहिरवार ने योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बताते हुए कहा कि मैं स्वयं प्रतिदिन योग करता हूँ, यह जीवन में संतुलन, अनुशासन और शांति लाता है। और सभी से आग्रह किया कि सभी नागरिकों को योग को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

### योग से मिलती है शारीरिक एवं मानसिक शक्ति : विधायक श्री पटैरिया

विधायक अरविंद पटैरिया ने कहा कि हम हर वर्ष भगवान मतंगेश्वर की उपस्थिति में योग करते हैं। प्रधानमंत्री जब योग को विश्व मंच पर लाए, जिससे आज यह योग भारत की पहचान है। योग से हमें मानसिक और शारीरिक शक्ति मिलती है उन्होंने कहा कि इसे हर दिन की दिनचर्या में शामिल करें, तभी हम स्वस्थ और सशक्त बनेंगे।

### पुलिस ने किया सामूहिक योगाभ्यास, स्वस्थ जीवन का दिया संदेश -

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छतरपुर पुलिस ने जिले के पुलिस लाइन परेड ग्राउंड और सभी थाना-चौकी परिसरों में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक योग शिविरों में भाग लिया और विभिन्न योगासनों का अभ्यास कर शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग के महत्व को रेखांकित किया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के मार्गदर्शन में आयोजित इन शिविरों में योग को न केवल एक व्यायाम, बल्कि अनुशासित और सकारात्मक जीवनशैली का आधार बताया गया। छतरपुर पुलिस ने इस अवसर पर जिलेवासियों से अपील की कि वे दैनिक जीवन में योग को अपनाकर स्वस्थ और समृद्ध समाज के निर्माण में योगदान दें। कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों ने प्राणायाम, सूर्य नमस्कार और अन्य योगासनों का अभ्यास किया। पुलिस ने कहा कि योग तनाव प्रबंधन और कार्यक्षमता बढ़ाने में सहायक है, जो पुलिस बल के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। इस आयोजन ने योग के प्रति जन जागरूकता फैलाने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## खबर संक्षेप



### गढ़ीमलहरा पुलिस ने गांजा के साथ आरोपी को पकड़ा

**छतरपुर**। छतरपुर पुलिस ने मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखी है। गढ़ीमलहरा थाना पुलिस ने गरेला तिराहा नहर की पुलिया के पास सूचना के आधार पर एक संदिग्ध को पकड़ा, जिसके पास से 350 ग्राम अवैध गांजा (कीमत लगभग 4,000 रुपये) बरामद किया गया। आरोपी सचिन शिवहरे, पिता हर नारायण शिवहरे, निवासी ग्राम उजरा, को गिरफ्तार कर एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। उसे न्यायालय में पेश करने के लिए पाबंद किया गया है, और विवेचना जारी है।

### 7 दिनों में भाई-बहन के लिए काल बना जहरीला सांप



**रनमऊ गांव में हुई चौंकाने वाली घटना, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़**

**छतरपुर**। सात दिनों के भीतर एक ही परिवार के दो मासूम बच्चों की सर्पदंश से मौत ने रनमऊ गांव को मातम में डुबो दिया। बीती रात एक और मासूम बच्चे की सांप के काटने से जान चली गई, जबकि ठीक सात दिन पहले उसकी बहन भी उसी सांप के जहर का शिकार बन चुकी थी। बिस्तर पर सोते वक्त हुए इस हादसे ने परिवार को सदमे में डाल दिया, और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों की चीख-पुकार और आंसुओं ने हर किसी का दिल दहला दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक लवकुश नगर थाना क्षेत्र के रनमऊ गांव में बीती रात 8 वर्षीय आर्यन, पिता लखन प्रसाद, अपने बिस्तर पर सो रहा था, जब एक जहरीले सांप ने उसे डस लिया। परिजनों को जैसे ही इसकी भनक लगी, वे तुरंत उसे लवकुशनगर अस्पताल लेकर दौड़े, लेकिन तब तक मासूम की सांसें थम चुकी थीं। परिजनों ने बताया कि जब उन्होंने बिस्तर की जांच की, तो उसी में मरा हुआ सांप मिला, जिसे वे अस्पताल ले गए। दिल दहलाने वाली बात यह है कि सात दिन पहले इसी सांप ने आर्यन की 16 वर्षीय बहन को डस लिया था, जिसकी भी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों का कहना है कि दोनों बच्चे अपने बिस्तर पर सो रहे थे, जब यह हादसा हुआ। सात दिनों में दो बच्चों की मौत से लखन प्रसाद का परिवार पूरी तरह टूट चुका है।

## कलेक्टर के आदेश को ठेंगा दिखाते जिले के सीएमएचओ और खंड चिकित्सा अधिकारी?

# नौगांव, मऊसंहानिया, अलीपुरा, हरपालपुर और महाराजपुर क्षेत्र में बैठे बड़े-बड़े मगरमच्छों के ऊपर कब होगी कार्यवाही

भदेसर(लुगासी) में डॉ. मण्डल का क्लीनिक संयुक्त टीम ने किया सील

छतरपुर



बीते रोज कलेक्टर की टीएल बैठक में झोलाछाप चिकित्सकों का मुद्दा छाया रहने और कलेक्टर द्वारा सभी बीएमओं को झोलाछाप चिकित्सकों के विरूद्व एफआईआर कराने के सख्त निर्देश देते हुए कड़ी फटकार लगाई थी। जिस पर नौगांव बीएमओ ने खानापूर्ति करने के लिए बड़े-बड़े- झोलाछाप चिकित्सकों को छोडकर लुगासी के पास भदेसर गांव में क्लीनिक चला रहे, आलोक मण्डल के यहां छापामार कार्यवाही करते हुए बाहवाही लूटने का जो प्रयास किया है। उस प्रयास की चारों तरफ अब चर्चाए होने लगी है कि नौगांव, मऊसहानिया, हरपालपुर और महाराजपुर क्षेत्र में बड़े बड़े झोलाछाप चिकित्सक बिना लाइसेंस व डिग्री के अबैध रूप से ईलाज कर रहें है। और ईलाज के नाम पर लोगों से जहां मनमानी कमाई कर रहे, बही मरीजों की जान से खिलबाड़ भी कर रहें है। इन सब अबैध कृत्यों को दबाने के लिए यही बडें बडें झोलाछाप चिकित्सक बीएमओ से लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अपनी मुठठी में रखते है। यही कारण है कि कलेक्टर के निर्देश के बाद कार्यवाही के नाम पर कस्बाई ईलाके छोडकर बीएमओ की टीम एक छोटे से गांव में पहुच गई हालाकि डॉ आलोक मण्डल जिनके पास कोई रजिस्ट्रेशन नही है, बह गलत तरीके से ईलाज कर रहें थे लेकिन डॉ. मण्डल पर कार्यवाही होने से पहले अन्य बडे बडे झोलाछाप चिकित्सकों पर भी कार्यवाही की जा सकती थी। लेकिन उन पर कार्यवाही इसलिए नही की गई, क्योंकि यह लोग स्वास्थ्य विभाग की टीम को खुश करने के लिए जो नजराना भेट करते है। उसका बीडियो भी बकायदा बनाकर रखते है अगर बीएमओ ने इन बड़े बड़े मगरमच्छों पर कार्यवाही करने की हिम्मत भी जुटाई तो उन्हें शक रहता है कि कहीं यह नजराना भेट करने बाले बीडियो सार्वजनिक न कर दे। जिससे प्रशासन के सामने उनकी ईमानदारी की पोल न खुल जाए। इन बड़े बड़े झोलाछाप चिकित्सकों को बचाने का मूल यही कारण है। इसलिए इन पर हाथ नहीं डाला जा रहा और छोटे छोटे चिकित्सकों को निशाना बनाकर कलेक्टर के आदेश का पालन भी हो जाए और कार्यवाही भी हो जाए। साथ ही उनका जो नजराना मिलता है बह भी प्रभावित न हो सके। स्वास्थ्य विभाग की यह टीम बुदेलखंड की एक कहावत सांप मरें न लाठी टूटे को चरितार्थ कर रही है। मतलब झोलाछाप चिकित्सकों पर कार्यवाही भी हो जाए और उनके चहेते झोलाछाप चिकित्सक बचे भी रहें। उनका धंधा पानी निवार्थ गति से चलता रहें।

### भदेसर(लुगासी) में डॉ. मण्डल का क्लीनिक संयुक्त टीम ने किया सील

बीएमओ डॉ. रबिन्द्र पटेल से इस संबंध में जब चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि भदेसर में चांदसी डॉ.आलोक मण्डल अबैध रूप से क्लीनिक चलाकर मरीजों का ईलाज कर रहें थे। क्लीनिक के संबंध में उनके पास कोई दस्तावेज भी नही मिले है। साथ ही दवाओं का भण्डार भी उनके यहां मिला है, दवाओं के भण्डार के लिए भी उनके पास कोई लाइसेंस नही था। इन दवाओं में प्रतिबधात्मक दवायें भी जब्त की गई है। कार्यवाही के दौरान बीएमओं रविन्द्र पटेल के साथ एसडीएम गोपाल शरण पटेल, एसडीओपी अमित मेश्राम, और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### सटई, राजनगर, गौरिहार, लवकुशनगर, नौगांव घुवारा,भगवां क्षेत्र में क्यों नही हो रही ठोस कार्यवाही

जिले के तहसील स्तर के ईलाकों में ज्यादातर घुवारा, भगवां, सटई, विजावर, गौरिहार, गुलगंज, राजनगर, लवकुशनगर और गौरिहार क्षेत्र में झोलाछाप चिकित्सकों के क्लीनिक चल रहें है। कलेक्टर ने पूरे जिले के बीएमओं को कार्यवाही के निर्देश दिए थे लेकिन इन क्षेत्र में अभी तक बीएमओ द्वारा कोई वैधानिक कार्यवाही शुरू नही की है। जबकि सबसे अधिक बड़ामलहरा, भगवां और घुवारा क्षेत्र में ही सबसे अधिक झोलाछाप चिकित्सकों के क्लीनिक चल रहें है। क्या कलेक्टर ने बड़ामलहरा बीएमओ को कार्यवही के कोई निर्देश नहीं दिए है जिससे उनके द्वारा झोलाछाप चिकित्सकों पर कोई कार्यवाही नही की जा रही है। क्षेत्र के एक प्राइवेट चिकित्सक ने बताया कि बड़े-बड़े झोलाछाप चिकित्सक खुले आम डॉक्टरी करते हैं और हम लोगों को सताया जाता है, हम लोगों से आये दिन अधिकारियों के नाम की वसूली की जाती है, के आरोप लगाए।

भगवां और घुवारा क्षेत्र में भी बीएमओ झोलाछाप चिकित्सकों से लाखों की कमाई करते, और उस कमाई का अबैध हिस्सा सीएमएचओ तक पहुचातें है। यही कारण है कि सीएमएचओ भी कमाऊ बीएमओ को इस तरह की अबैध कमाई करने के लिए छूट दिए रहते है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के दलाल क्षेत्र के झोलाछाप चिकित्सकों के यहां जा-जाकर बसूली करते है और उस बसूली का हिस्सा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों तक पहुचातें है। जिससे कलेक्टर के आदेश सिर्फ कागजों तक सीमित रहते है। उनको अमलीजामा नहीं पहनाया जाता आखिर कब तक कलेक्टर के आदेश रद्दी की टोकरी में डाले जाते रहेगें।

# बिजली सुधारते समय करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**बिजावर**। जिले के बिजावर थाना क्षेत्र के ग्राम धरमपुरा में एक युवक की बिजली सुधारने के दौरान करंट लगने से मृत्यु हो गई। हादसा शनिवार सुबह 7 से 8 बजे के बीच हुआ। घटना के बाद परिजनों ने बिजली विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी और लाइनमैन पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों और ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मांग की है कि इस मामले में दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए औरपरिवार को उचित मुआवजा दिया जाए।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक 18 वर्षीय अनिल पुत्र राजाराम विश्वकर्मा कई दिनों से गांव के बिजली विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी नामदेव और लाइनमैन के साथ काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि वह निजी तौर पर रखे गए कर्मचारी के रूप में बिजली सुधार का काम कर रहा था। हादसे के समय वह बिजली लाइन ठीक करने में लगा था, तभी करंट लगने से उसकी जान चली गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने आरोप लगाया कि आउटसोर्स कर्मचारी और लाइनमैन ने सुरक्षा उपायों की अनदेखी की, जिसके चलते यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही बिजावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बिजावर भेजा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों के आरोपों और घटनास्थल के साक्ष्यों के आधार पर गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद हादसे के कारणों और लापरवाही की स्थिति स्पष्ट होगी।

# करंट लगने से युवक की मौत



**छतरपुर**। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम मौराहा निवासी सत्यम पटेल 25 वर्ष की चंद्रपुरा में खेत पर काम करते समय करंट लगने से मृत्यु हो गई। यह हादसा शनिवार दोपहर करीब 12:30 बजे हुआ। परिजनों ने तुरंत निजी वाहन से सत्यम को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, सत्यम खेत में कृषि कार्य कर रहे थे, तभी बिजली के तार या उपकरण से करंट लगने से यह हादसा हुआ। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है, और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए खेतों में बिजली तारों की सुरक्षित व्यवस्था की मांग की है।

## आकाशीय बिजली गिरने से तीन बकरियों की मौत

**बमीठ**। थाना क्षेत्र के के ओंटापुरवा में आकाशीय बिजली गिरने से एक गरीब किसान के लिए मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा। बताया गया है कि ओंटापुरवा निवासी हरिश्चंद्र पटेल ने अपने एक बकरे और दो बकरियों को चुनका वाले खेत में महुआ के पेड़ के नीचे बांधा था। शाम करीब साढ़े छह बजे के आसपास अचानक तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जो सीधे पेड़ पर आ गिरी। बिजली की चपेट में आने से तीनों बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। हरिश्चंद्र के के मुताबिक उसका अनुमानित नुकसान 40 से 50 हजार रुपये का है, जो एक गरीब किसान के लिए भारी आर्थिक बोझ है।

## उमस के बीच 24 घंटे में सैकड़ों बार गई बिजली

परेशान जनता ने प्रशासन और विद्युत विभाग पर लगाए आरोप

हरपालपुर।



उमस भरी गर्मी के बीच बिजली कटौती ने इन दिनों लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। पिछले 24 घंटों में नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ों बार बिजली गुल होने की खबर है। बताया गया है कि पिछले एक दिन में केवल 10 घंटे ही बिजली आपूर्ति हो पाई। परेशान जनता का आरोप है कि बिजली विभाग और जिला प्रशासन की लापरवाही के कारण यह स्थिति बनी है।स्थानीय लोगों ने जिला कलेक्टर पार्थ जसवाल पर भेदभावपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की ड्यूटी केवल जिला मुख्यालय की बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए लगाई, जबकि हरपालपुर और अन्य तहसीलों में बिजली कटौती की समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। निवासियों ने सवाल उठाया कि कलेक्टर ग्रामीण क्षेत्रों की अनदेखी क्यों कर रहे हैं? वहीं बिजली विभाग के अधिकारी दावा करते हैं कि गर्मी के बावजूद बेहतर आपूर्ति दी जा रही है, लेकिन बारिश और हवा के कारण 33 केवी लाइन में बार-बार फॉल्ट होने से आपूर्ति बाधित हो रही है। नौगांव से हरपालपुर के बीच 24 घंटे में 20 बार फॉल्ट दर्ज किए गए। नगर के तीनों फीडरों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी बार-बार बिजली गुल हो रही है। पुराने स्टेट बैंक के पीछे वार्ड 9 और 12 में रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक बिजली बंद रही, और नए थाने के पास केबल जलने से 3,000 की आबादी प्रभावित हुई।

### मेंटेनेंस के नाम पर खानापूर्ति -

लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग हर साल मानसून से पहले मेंटेनेंस के नाम पर केवल खानापूर्ति करता है। पिछले दो साल में जिले में बिजली मेंटेनेंस के लिए 230 करोड़ रुपये खर्च होने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जनप्रतिनिधि इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं? लोगों का कहना है कि बिजली कर्मी जानबूझकर कटौती कर मोहन सरकार के खिलाफ जनता को भड़का रहे हैं। बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही। रात में 8 से 20 बार बिजली गुल होने से लोग घरों के बाहर रात बिताने को मजबूर हैं।

## बरसात में सुरक्षा के लिए पुलिस अलर्ट, जनता के लिए एडवाइजरी जारी

**छतरपुर**। मानसून के आगमन के साथ छतरपुर पुलिस ने जिले में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए कदम उठाए हैं। पुलिस टीमें नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में संभावित दुर्घटना स्थलों, जर्जर भवनों, कमजोर दीवारों और सार्वजनिक स्थानों की सतत जांच कर रही हैं। क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान पुलिस ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए सूचित किया है। साथ ही, जनता की सुरक्षा के लिए बिजली, करंट, जलभराव और बाढ़ से बचाव हेतु एक विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर सभी थाना और चौकी प्रभारियों को दुर्घटना संभावित स्थानों की नियमित निगरानी करने के आदेश दिए गए हैं। पुलिस ने जनता से अपील की है कि जर्जर भवनों में न रहें, बिजली के खुले तारों और ट्रांसफॉर्मर से दूरी बनाएं, भारी बारिश में बिजली उपकरणों का उपयोग न करें, और बाढ़ संभावित क्षेत्रों में अनावश्यक आवागमन से बचें। बच्चों को नालियों, तालाबों या जलभरे गड्ढों के पास खेलने से रोकने, बिजली चमकने या गरजने पर खुले मैदानों और पेड़ों के नीचे न खड़े होने, और मवेशियों को खुले में न बांधने की सलाह दी गई है। खुले क्षेत्र में फंसने पर घुटनों के बल झुककर सिर नीचे करने और जल स्त्रोतों से दूर रहने की हिदायत भी दी गई है। पुलिस अधीक्षक ने कहा, हमारा लक्ष्य जनहानि और संपत्ति के नुकसान को रोकना है। सभी थाना प्रभारी क्षेत्रों में सतर्कता बरत रहे हैं। छतरपुर पुलिस ने जिलेवासियों से सावधानी बरतने और किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी थाना, हेल्पलाइन नंबर 7049101021, या डायल 100/112 पर तुरंत संपर्क करने की अपील की है। सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए पुलिस पशुओं पर लगाए रही रेडियम

## दबंगों ने गांव में फायरिंग से फैलाई दहशत, मारपीट के बाद महिला और बच्चों का अपहरण

**छतरपुर**। जिले के लवकुशनगर थाना क्षेत्र के एक गांव से एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। बताया गया है कि यहां आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने जमकर फायरिंग और लाठी-डंडों से एक परिवार के साथ मारपीट की। करीब एक दर्जन गुंडों ने अवैध हथियारों और लाठियों के साथ हमला किया और बाद में एक महिला तथा बच्चे का कथित तौर पर अपहरण कर लिया। मारपीट में एक युवक घायल हुआ है, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक लवकुशनगर थाना क्षेत्र के सुमेड़ी गांव में संजय सिंह राजपूत और उसके करीब एक दर्जन गुंडों ने जमकर फायरिंग की और लाठी-डंडों से हरिराम पुत्र जगतलाल पाल तथा उसके परिवार के लोगों को पीटा। घटना का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि आरोपियों ने हरिराम की पत्नी और बच्चों का अपहरण कर लिया है। इस घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं, जिसमें फायरिंग, मारपीट और अपहरण किया जाना दिखाई दे रहा है। मारपीट में हरिराम पाल गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहां लवकुशनगर पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। संजय



सिंह राजपूत और उसके गुंडों द्वारा गांव में मचाए गए आतंक से लोगों में दहशत का माहौल है। लवकुशनगर एसडीओपी नवीन दुबे ने बताया कि घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, शेष की तलाश जारी है।

### इनका कहना है -

लवकुशनगर थाना क्षेत्र के सुमेड़ी गांव में कुछ बदमाशों द्वारा फायरिंग, मारपीट और अपहरण की वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस टीम मौके पर जाकर जांच कर रही है, आरोपियों पर मारपीट तथा अपहरण की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

**अमन मिश्रा, सीएसपी, छतरपुर**

## ऑपरेशन मुस्कान: पुलिस ने 12 घंटे में नाबालिग बालिका को खोजा

**छतरपुर**। छतरपुर पुलिस के ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत अलीपुरा थाना पुलिस ने एक नाबालिग बालिका को मात्र 12 घंटे में उत्तर प्रदेश के झांसी जिले से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया। बताया गया है कि अलीपुरा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका के बिना बताए घर से चले जाने की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक डीडी शाक्य के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बालिका को 12 घंटे के भीतर झांसी से बरामद किया। इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक जितेंद्र राय, आरक्षक रामदास और महिला आरक्षक भावना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि यह अभियान न केवल लापता बच्चों को ढूंढने के लिए है, बल्कि उनके परिवारों के चेहरों पर मुस्कान लौटाने का भी प्रयास है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि गुमशुदा बच्चों या व्यक्तियों के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत नजदीकी थाने या पुलिस हेल्पलाइन 7049101021 पर संपर्क करें।

## खबर संक्षेप

### रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 24 जून को

**कटनी।** राज्य शासन के निर्देश पर जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने मंगलवार 24 जून को शासकीय आईटीआई रोशन नगर कटनी में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी ने बताया कि यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं शासकीय आईटीआई कटनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। इसमें जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी दिलाई जाएगी वहीं दूसरी ओर उन्हे स्वरोजागर से जोड़ने के लिए लोन भी उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही जिले एवं जिले के बाहर की कंपनियों में अप्रेंटिसिशप के लिए भी बेरोजगार आवेदको को भेजा जाएगा।

### आरटीई प्रवेश की दूसरे चरण की ऑनलाइन लाटरी 25 जून को

**कटनी।** निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में निरूशुल्क प्रवेश के तहत द्वितीय चरण के लिए आवेदकों द्वारा च्वाइस को अपडेट किये जाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। द्वितीय चरण के लिए ऑनलाइन लाटरी 25 जून को होगी। आवंटन के बाद स्कूल में प्रवेश एवं संबंधित स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप से एडमीशन रिपोर्टिंग 25 जून से 30 जून तक की जा सकेगी। द्वितीय चरण के लिए न ही नवीन आवेदन पंजीयन किए गए हैं और न ही पुनरू सत्यापन प्रक्रिया होगी। वह आवेदक जिन्होंने प्रथम चरण में आवेदन किया था और सत्यापन के बाद पात्र पाए गए थे, उनका प्रथम चरण में कोई स्कूल आवंटित नहीं हुआ था। केवल उन्हीं आवेदकों ने द्वितीय चरण के लिए स्कूल की च्वाइस अपडेट किया है। इसके अलावा जिन आवेदकों को प्रथम चरण में स्कूल आवंटन हुआ है, लेकिन स्कूल पसंद नहीं आने के कारण आवंटित स्कूल में एडमीशन नहीं लिया है, उन्हें भी द्वितीय चरण में च्वाइस अपडेट करने का मौका दिया गया था।

### लापता बालिका को मुंबई से किया गया दस्तयाब

**कटनी।** एनकेजे पुलिस ने लापता एक बालिका को दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया। थाना प्रभारी एनकेजे कटनी के नेतृत्व में बालिका के दस्तयाबी हेतु टीम गठित की गई थी। साइबर सेल से प्राप्त टावर लोकेशन के आधार पर थाना एनकेजे में धारा 137(2) बीएनएस के तहत दर्ज अपहत नाबालिग बालिका को कल्याण, मुंबई (महाराष्ट्र) से दस्तयाब कर सुरक्षित परिजनो को सुपुर्द किया गया। बालिका के मिलने पर परिजनो ने एनकेजे पुलिस के कार्य की सराहना की है। कार्रवाई में थाना प्रभारी उप. निरी. अनिल यादव, सउनि सहपाल परतेती, प्र. आर. राजेश चौधरी, आर. अर्पित पटेल, आर. सुजीत रजक, मंजू रजक पुलिस लाईन की भूमिका रही।

### दो ट्रकों के बीच हुई टक्कर में चालकों को आई चोटें

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत बायपास मार्ग में दो ट्रकों के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में चालकों को चोट आई है। हादसे की सूचना मिलने पर कुठला पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलो को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार मैहर शहडोल बाईपास मार्ग के पास बड़वारा थाना क्षेत्र से आ रही रेत से लोडेड हाईवे और केप्सूल वाहन की टक्कर हो गई। इस भिड़ंत में दोनों चालको को गंभीर चोट आई है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चालको को एम्बुलेंस के मदद से जिला अस्पताल भिजवाया। हादसे के बाद वाहनों की कतार लग गई थी पुलिस ने जाम को खुलवाया जिससे आवागमन बहाल हो सका।

# विश्व योग दिवसः डिप्टी सीएम ने प्रशासनिक अधिकारियों विद्यार्थियों एवं आमजनों के साथ किया योगाभ्यास

**रीवा । जिले में 11वां विश्व योग दिवस उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। मार्तण्ड स्कूल ग्राउण्ड एक के मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में 11वें विश्व योग दिवस पर वसुधैव कुंटुम्बकम के लिये वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों, स्थानीय नागरिकों तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सामूहिक योग किया।**



इस दौरान उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी राजेश सिंह, प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवड़े, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने सामूहिक योगाभ्यास किया। उप मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों व उपस्थित जनों को योग को अपने दैनिक दिनचर्चा में शामिल करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि योग शरीर को निरोगी रखने में सहायक है। योग को दिनचर्या में शामिल करने से हम अपने स्वास्थ्य को ठीक रख सकते हैं। जब हम स्वस्थ रहेंगे तभी परिवार, समाज एवं सार्वजनिक जीवन में अपनी जिम्मेदारियों का पूरी सक्षमता से निर्वहन कर पाएंगे। हमें गर्व है कि हमारी प्राचीन योग परंपरा को विश्व स्तर पर मान्यता मिली है। महर्षि पतंजलि ने देश व समाज को योग से अवगत कराया। वर्तमान समय में बाबा रामदेव ने इस विधा को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे विश्वव्यापी बनाने का कार्य किया और संपूर्ण विश्व में योग दिवस पर लोग योग करके इसे अंगीकार कर रहे हैं। भारत पूरी दुनिया को परिवार मानता है। श्री शुक्ल ने योग दिवस पर सभी के स्वस्थ रहने की कामना की।सामूहिक योगाभ्यास के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशाखापट्नम से लाइव प्रसारण देखा गया तथा प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुना गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का उद्बोधन भी लाइव प्रसारित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता, जिला आयुष अधिकारी श्रीमती शारदा मिश्रा, एसडीएम अनुराग तिवारी, सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य वरूणेन्द्र सिंह, सहित अधिकारी, शिक्षक, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि, पुलिस के अधिकारी योग में शामिल हुए।

## केक खाने से बच्चा हुआ बीमार फूड विभाग ने बेकरी पर मारा

### गंदगी देख अधिकारी भी हैरान, सेंपल जांच के बाद होगी कार्रवाई

**रीवा।** शहर के एक केक सेंटर से खरीदे गए केक को खाने के बाद एक मासूम की तबीयत बिगड़ने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर फूड विभाग की टीम ने संबंधित बेकरी पर छापा मारते हुए वहां से खाद्य सामग्री के सेंपल लिए हैं। साथ ही जांच के दौरान बेकरी के किचन में भारी गंदगी भी पाई गई, जिस पर विभाग ने तत्काल प्रकरण दर्ज किया है।

मामला शहर के टीआरएस कॉलेज चौराहे के पास स्थित विनी केक सेंटर का है। शिकायतकर्ता सुधीर कुमार यादव ने बताया कि बीते दिन अपने भाई के जन्मदिन पर उन्होंने उक्त सेंटर से केक खरीदा था। केक को रात भर फ्रिज में रखने के बाद सुबह उनके बच्चे ने जैसे ही खाया, उसे उल्टियां शुरू हो गईं। परिजन तत्काल केक लेकर दुकान पहुंचे, लेकिन दुकानदारों ने किसी भी तरह की लापरवाही से इनकार कर दिया। इसके बाद शिकायतकता न कलक्ट्रट पहुचकर पूर मामल का जानकारी दी, जहां से उसे फूड विभाग भेजा गया। बताया गया है कि जिस समय युवक केक लेकर खाद्य एवं औषधि प्रशासन के कार्यालय में पहुंचा तो केक से दुर्गंध उठ रही थी। केक भी पूरी तरह खराब हो चुका था। जबकि इसके पूर्व युवक जब केक सेंटर में वहां के स्तफ को केक दिखाया तो वे इस बात से तैयार नहीं हुए कि केक से दुर्गंध आ रही है। विभाग ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए बेकरी में दबिश दी। जांच में न सिर्फ खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हुए, बल्कि किचन की गंदगी देख अधिकारी भी हैरान रह गए। फूड सेफ्टी ऑफिसर ने बताया कि सेंटर से लिए गए सभी खाद्य उत्पादों के सेंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाए जाने पर संबंधित बेकरी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल बच्चे की तबीयत में सुधार है, लेकिन इस घटना ने खाद्य सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## रीवा बायपास का विस्तार होने के बाद आठ लेन की मिलेगी सड़क

### बायपास और रिंगरोड का निर्माण तय समय सीमा में पूरा कराने के निर्देश

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सर्किट हाउस नवीन भवन के सभागार में आयोजित बैठक में रीवा बायपास के विस्तार कार्य तथा रिंगरोड निर्माण की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा बायपास का निर्माण पूरा होने के बाद फोरलेन की मुख्य सड़क के साथ दोनों ओर दो-दो लेन की सर्विस रोड की सुविधा मिलेगी। इस बायपास से आठ लेन की सड़क से आवागमन होगा। वर्तमान सड़क को चौड़ा करने के लिए तेजी से कार्य पूरा करें। बिजली, पोल तथा पेयजल की पाइपलाइन की शिफ्टिंग तत्काल कराएं। नवम्बर माह तक बीहर नदी में ब्रिज और नहर में ब्रिज का कार्य पूरा कराएं। रेलवे ओवर ब्रिज का भी काम तेजी से पूरा कराएं। सभी निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा करें। आयुक्त नगर निगम पेयजल की पाइपलाइन की शिफ्टिंग तथा अवैध कब्जे को हटाने की कार्यवाही करें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बेला से सिलपरा रिंग रोड बहुत महत्वपूर्ण सड़क है। इसके अधिकांश भाग का कार्य पूरा हो गया है। शेष कार्यों को दिसम्बर माह तक पूरा कराएं। इसके अधूरे अण्डरपास तथा पुलों का निर्माण तेजी से पूरा करें। रीवा-सीधी हाइवे के शेष भाग को फोरलेन बनाने का कार्य तत्काल शुरू कराएं। बैठक में एनएचआई के प्रतिनिधि ने बताया कि रीवा से मोहनिया टनल तक फोरलेन निर्माण के लिए टेण्डर की प्रक्रिया जारी है। इसी तरह सोन नदी पर मेजर ब्रिज के साथ सर्रा से सीधी तक फोरलेन निर्माण के लिए 430 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। इसमें वन विभाग की अनुमति मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा। बैठक में अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, संभागीय प्रबंधक एमपीआरडीसी तथा निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, साथी घायल

**कल्याणपुर-डभौरा मार्ग पर बड़ा हादसा, गुस्साए ग्रामीणों ने लगाया जाम**




**रीवा।** जिले में शुक्रवार की दोपहर कल्याणपुर-डभौरा मार्ग पर तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर भारी हड़कंप मच गया और आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर चक्का जाम कर दिया। मिली जानकारी अनुसार यह हादसा सेहुड़ा-भौठी गांव के पास हुआ, जहां लटियार गांव के रहने वाले शिवम आदिवासी (22) और बसोर आदिवासी (24) बाइक से गुजर रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने सीधे उनकी बाइक को टक्कर मार दी। शिवम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बसोर को गंभीर चोटें आईं। घायल युवक को बाद में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। ग्रामीणों ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद एंबुलेंस को सूचना दी गई, लेकिन वाहन करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंचा। तब तक घायल युवक दर्द से तड़पता रहा। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया और आरोपियों की गिरफ्तारी व मृतक के परिवार को मुआवजे की मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाइश दी और जाम खुलवाया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायल के इलाज की व्यवस्था कराई। वही पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सायबर ठगों से सावधान रहें किसान, एडवायजरी जारी

**रीवा।** किसानों के कल्याण और कृषि विकास की हितग्राही मूलक योजनाओं के नाम पर सायबर ठगों से सावधान करने के लिये कृषि अभियांत्रिकी द्वारा एडवायजरी जारी की गई है। संचालक अभियांत्रिकी ने बताया कि कस्टम हायरिंग सेंटर योजना का लाभ दिलाने के नाम पर स्वयं को विभागीय अधिकारी के रूप में अपना परिचय देकर सायबर ठगी करते हैं। ऐसे प्रकरण सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषक हितग्राही योजनाओं के अंतर्गत कस्टम हायरिंग योजना की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी है। इस प्रक्रिया में किसी भी हितग्राही से योजना संबंधी संपर्क नहीं किया जाता है। संचालक कृषि अभियांत्रिकी ने हितग्राहियों से अपेक्षा की है कि वे अनजान नंबरों से आने वाले कॉल, वॉट्सऐप कॉल, वीडियो कॉल, अन्य सोशल मीडिया से प्राप्त होने वाले कॉल नबंर जिनमें मुख्यतः 07056847570, 07088438459, 0756847570, 9520711020 हो तो उन्हें बिल्कुल भी न उठायें। अनजान व्यक्तियों पर विश्वास न करें, उनसे किसी भी प्रकार की सूचना व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। वह आपकी जानकारी अन्य माध्यम से प्राप्त कर आपको परेशान कर सकते हैं। यदि कोई व्यक्ति स्वयं को विभागीय अधिकारी बताकर/विभागीय अधिकारी के नाम से भी आपसे बात करे तो एकदम से उसकी बात पर विश्वास न करें। आपके साथ कोई सायबर अपराध घटित होता है तो उसकी शिकायत अपने नजदीकी पुलिस थाने में या डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट सायबर क्राइम डॉट इन (www.cybercrime.in) अथवा सायबर हेल्पलाइन के टोल फ्री नम्बर 1930 पर अवश्य करें।

## केन्द्रीय जेल में हुआ योग शिविर का आयोजन



**रीवा ।** विश्व योग दिव के अवसर पर केन्द्रीय जेल में भारतीय मानवाधिकार एसोसियेशन एवं दिव्य बुद्ध योग संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में योग शिविर का आयोजन किया गया। जेल परिसर में जेल कर्मचारीगण तथा बंदियों ने योग की विभिन्न क्रियाएं की। उप जेल अधीक्षक संजीव कुमार गेंदले द्वारा योग, प्राणायाम के महत्व के साथ-साथ स्वास्थ्य लाभ लेने के तरीके एवं नियमित दिनचर्या के संबंध में जानकारी देकर बंदियों को जागरूक किया। कार्यक्रम में योगाचार्य डॉ अजय कुमार, ध्रुव कुमार मिश्रा, प्रभाकर मिश्रा, डॉ सरोज सोनी, अनीषमणि पाण्डेय, सहायक जेल अधीक्षक श्याम सिंह कुशवाह सहित स्टाफ व बंदी उपस्थित रहे।

### जिले में अब तक 59.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज जिले में पिछले 24 घंटे से रूक-रूक कर हो रही है वर्षा

**रीवा ।** जिले में मानसून ने दस्तक दे दी है। पिछले तीन दिनों से जिले के कई स्थानों में वर्षा हो रही है। पिछले 24 घंटे में रूक-रूक कर वर्षा का क्रम जारी है। जिले में 21 जून को 16.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दिन जिले में सर्वाधिक 27 मिलीमीटर वर्षा सेमरिया तथा 25 मिलीमीटर वर्षा सिरमौर तहसील में दर्ज की गयी। इस दिन तहसील हुजूर में 6.2 मिमी, रायपुर कर्चुलियान में 19 मिमी, त्योंथर में 19 मिमी, मनगवां में 10 मिमी तथा जवा में 22 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक 59.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि अब तक तहसील हुजूर में 76.1 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 32.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 55 मिलीमीटर, सिरमौर में 101.6 मिलीमीटर, त्योंथर में 24 मिलीमीटर, सेमरिया में 83 मिलीमीटर, मनगवां में 37 मिलीमीटर तथा जवा में 66 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज गयी। गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 7.28 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गयी थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

## जिले में आज होगी भूतपूर्व सैनिकों की रैली

### रैली के मुख्य अतिथि जनरल आफीसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल पीएस शेखावत होंगे

**रीवा ।** भूतपूर्व सैनिकों की रैली 22 जून को कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित की जा रही है। रैली के मुख्य अतिथि जनरल आफीसर कमांडिंग मध्य भारत एरिया लेफ्टिनेंट जनरल पीएस शेखावत होंगे। श्री शेखावत परमविशिष्ट सेवा मेडल तथा अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित अधिकारी हैं। रैली का उद्देश्य सैनिकों के योगदान का सम्मान करना और उनकी कल्याण संबंधी आवश्यकताओं को बताना है। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि रैली में रीवा सहित आसपास के सभी जिलों के पूर्व सैनिक तथा सैन्य विधवाएं शामिल होंगी। रैली में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सैनिक कल्याण के डॉक्टरों के दल द्वारा सेवानिवृत्त सैनिकों के निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच की व्यवस्था की गई है। इसमें सभी तरह के टेस्ट निःशुल्क किए जाएंगे। अन्य जिलों से आने वाले पूर्व सैनिकों की सुविधा के लिए बस स्टैण्ड तथा रेलवे स्टेशन में निःशुल्क वाहन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल कृष्णा राज कपूर आडिटोरियम में साफ-सफाई तथा पेयजल की व्यवस्था के लिए नगर निगम की टीम तैनात रहेगी। पूर्व सैनिक अपने पहचान पत्र के साथ रैली में शामिल होकर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। रैली में कल्याण सहायता पंजीकरण, सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता, पेंशन संबंधी सहायता और विशिष्ट सेवा को मान्यता देने के लिए औपचारिक कार्यक्रम जैसी गतिविधियाँ शामिल की जायेगीं।

## तेज रफ्तार हाईवा की टक्कर से बाइक सवार की मौत, आक्रोशित लोगों ने लगाया जाम

### नौवस्ता चौकी क्षेत्र के कौवाढ़ान की घटना

**रीवा।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत नौवस्ता चौकी क्षेत्र कर ग्राम कौउआढान में अनियंत्रित हाईवा ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने रीवा-नौबस्ता मार्ग में जाम लगा दिया जिससे घण्टो आवगमन बाधिर रहा। घटना में बाइक सवार कचूर निवासी राकेश सिंह पिता स्वर्गीय रामाधार सिंह 30 वर्ष की मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि नौवस्ता अंचल से अधाधुंध ओवरलोड गिट्टी व डस्ट का परिवहन कार्य जोरो से चल रहा है, और आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है, शुक्रवार को भी ऐसा ही एक सड़क हादसा सामने आया है, जिसे देख लोगों की रोंगटे खड़े हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि बिना नंबर प्लेट का हाईवा चालक तेज गति से लापरवाही पूर्ण ढंग से चलाते हुए बाइक सवार युवक को कुचल दिया जहां युवक की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद हाईवा चालक मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची नौबस्ता पुलिस ने हाईवा सहित चालक को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। घटना से नाराज लोगों ने जेपी नौबस्ता रीवा मार्ग को जाम कर दिया और करीब चार घंटे तक प्रदर्शन किया। परिजन और ग्रामीणों ने हादसे के लिए प्रशासन की लापरवाही और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी को जिम्मेदार ठहराया। जिसके बाद चोरहटा थाना प्रभारी आशीष मिश्रा व नौबस्ता चौकी प्रभारी प्रशांत शुक्ला भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों को समझाइश दिए लेकिन ग्रामीण पुलिस की बात मानने को तैयार नहीं हुए और लाइन ऑर्डर जैसी स्थिति निर्मित हो गई। इसके बाद मौके पर हुजूर तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला व बनकुईंया सर्किल की नायब तहसीलदार विंध्या मिश्रा मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाइश दी और पीड़ित परिवार को हर संभव प्रशासनिक मदद का भरोसा दिलाया गया जिसके बाद लोग मानने को तैयार हुए और शव को पीएम के लिए एसजीएमएच की मर्चुरी में भिजवाया गया। पुलिस पूरे मामले में मर्ग कायम कर कार्रवाई कर रही है।

## जिला न्यायालय एवं बाल संप्रेक्षण गृह में किया योग



**रीवा।** विश्व योग दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान की उपस्थिति में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर न्यायाधीश सुरेन्द्र कुमार, अन्य न्यायाधीशगण, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्र एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने भी योग किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि योग करने से हमारा तन एवं मन दोनों स्वस्थ रहता है। निरंतर योग करने से हमारे मन में शुद्ध विचार उत्पन्न होते हैं। योगाचार्य डॉ केपी शर्मा एवं योगाचार्य अरविंद पाण्डेय द्वारा योग की क्रियाएं कराई गईं। बाल संप्रेक्षण गृह में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री समीर कुमार मिश्र की उपस्थिति में बालकों को योग कराया गया। इस दौरान निश्चल कुमार सिंह, न्यायालय के कर्मचारी व विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे।